सेंट एंड्रयूज़ स्कॉट्स सीनियर सेकेंडरी स्कूल

९वीं एवेन्यू, आई.पी.एक्सटेंशन, पटपड़गंज,दिल्ली – ११००९२

सत्र: २०२४-२०२५

कक्षा:-पाँचवीं	विषय: हिंदी व्याकरण	पाठ: अपठित गद्यांश

प्रस्तुत गद्यांश को अपनी उत्तर पुस्तिका में पूरा लिखिए तथा नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर गद्यांश से छाँट कर लिखिए ।

हम सभी को हमेशा मीठी वाणी बोलनी चाहिए। जब हम सामने वाले व्यक्ति से मीठी वाणी बोलते हैं तो वह प्रसन्न हो जाता है और हमारी इज़्ज़त करता है। जिस व्यक्ति की मीठी वाणी होती है, वह सदैव सोच-समझकर बोलता है। वह कभी भी किसी व्यक्ति से गलत नहीं बोलता। जब हम किसी से गलत नहीं बोलेंगे तो दूसरा व्यक्ति भी हमसे कभी भी कोई गलत बात नहीं बोलेगा। मीठा बोलने वाला व्यक्ति सभी जगह सम्मान प्राप्त करता है। ऐसे लोग स्वाभाविक रूप से सहृदय तथा दयालु होते हैं ऐसे लोगों की निकटता सभी पसंद करते हैं। इसके विपरीत कटु वचन बोलने वाले व्यक्ति से सभी दूर रहना चाहते हैं। कटुभाषी अपने कटु वचनों के कारण लोगों के बीच निंदा का पात्र बनता है। कहते भी हैं कि तलवार का घाव तो भर जाता है, लेकिन वाणी का घाव नहीं भरता। मीठे बोल बोलने से हमारे काम भी आसान हो जाते हैं ।

प्र०१-कैसा व्यक्ति सम्मान प्राप्त करता है?

उ०-

प्र०२-कैसे व्यक्ति की निकटता सभी पसंद करते हैं?

उ०-

प्र०३-कटु बोलने वाला निंदा का पात्र कैसे बनता है?

उ०-

प्र०४-कैसे व्यक्ति से लोग दूर रहना चाहते हैं?

उ०-

प्र०५-इस गद्यांश का उचित शीर्षक दीजिए।

उ०-